# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 मई 2024** **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण की तेरह संसदीय सीटों के लिए राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। ये सीटे हैं महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज। इन सभी सीटों पर एक जून को मतदान होना है।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज घोसी, बलिया, सलेमपुर और बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने अच्छी नीयत और नीतियों के कारण तीसरी बार भाजपा–एनडीए की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। देश समझ गया है कि आईएनडीआई गठबंधन सांप्रदायिक और जातिवादी है। उन्होंने दावा किया कि जहां वे देश के गरीब, दलित और पिछड़े लोगों के लिए समर्पित हैं, वहीं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस केवल अपने वोटबैंक के लिए समर्पित है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नया भारत देख रहे हैं। यह नया भारत वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में भारत की सीमाएं अधिक सुरक्षित हुई हैं।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने किसानों की इतनी दुर्दशा कर दी है कि उन्हें आत्महत्या करनी पड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि अगर उनके गठबंधन की सरकार आई तो किसानों का कर्ज माफ करेंगे और न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर कानून बनाएंगे।

सपा मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बलिया और सलेमपुर में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने दावा किया कि इंडी गठबंधन की पश्चिम से जीत की हवा चली है और छठवें चरण के हुए मतदान में भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान बदल कर आरक्षण हटाना चाहती है। प्रदेश के लोग संविधान बदलने वालों को बदलने जा रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने आज घोसी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया ।

**********

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में अधिकाधिक मतदान के लिए अलग अलग प्रकार के अनूठे प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुशीनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्र निमंत्रण कार्ड के जरिये मतदाताओं को वोट डालने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं, चंदौली जिले के बलुआ में गंगा तट पर कल शाम सैंड आर्टिस्टों ने रेत की कलाकृति बना कर मतदान की महत्ता का संदेश दिया और लोगों से अपने मताधिकार के प्रयोग की अपील की।

**********

अयोध्या के श्री रामजन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला पर रामायण कालीन पौधे लगाए जाएंगे। यह जानकारी श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि इन पौधों को लेकर लखनऊ स्थित नेशनल बॉटेनिकल गार्डेन शोध कर चुका है। रामायण में एक सौ पचास से अधिक पौधों का उल्लेख है और इन्हीं पौधों में से चयन करके पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का प्रयास है कि राम मंदिर के साथ साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों का भी श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जाए। परिसर के सातों मंदिर का निर्माण कार्य सितम्बर तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि राम मंदिर दर्शन के साथ साथ कुबेर टीले की दिशा में भी अवश्य जाएं।

**********

पूर्वांचल स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में वाराणसी जिले में शिक्षा के साथ सशक्तीकरण–बेहतर कल के लिए शिक्षण विषय पर आज एक सम्मेलन का आयोजन किया गया । भारत सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे संबोधित करते हुए कहा कि वसुधेव कुटुम्बकम की भावना के साथ हम पूरे विश्व का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने देश के विकास में स्कूल और शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**********

शाहजहांपुर जिले के खुटार थानाक्षेत्र के लखीमपुर गोला रोड पर बीती रात हुए सड़क हादसे में ट्रक व बस के नीचे दबे सभी श्रद्धालुओं को निकाल लिया गया है । इस दुर्घटना में कुल ग्यारह लोगों की मृत्यु हो गयी, जबकि दस श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये। सीतापुर जिले के रहने वाले यह सभी श्रद्धालु एक बस में सवार होकर उत्तराखंड में मां पूर्णागिरी के दर्शन के लिए जा रहे थे। श्रद्धालुओं के खाना खाने के लिए बस को एक ढाबे पर खड़ा किया गया था कि एक तेज रफ्तार मोरंग गिट्टी से भरा हुआ ट्रक बस को टक्कर मारते हुए पलट गया जिसमें दर्जनों यात्री बस और ट्रक के नीचे दब गये। शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि ट्रक और बस के नीचे दबे सभी श्रद्धालुओं को निकाल कर गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए मेडकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मृतकों और घायलों की संख्या की पुष्टि करते हुए बताया कि शासन और प्रशासन से मृतकों और घायलों के परिजनों को हरसंभव आर्थिक सहायता दी जाएगी।

**********

औरेया जिले की विधूना विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक और पूर्व राज्य मंत्री विनय शाक्य का ह्दयगति रुकने से निधन हो गया। वह सत्रहवीं विधानसभा के सदस्य थे। वह लंबे समय से वह बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गहरा शोक प्रकट किया है ।

**********